**DELHI PUBLIC SCHOOL, DURGAPUR**

**QUESTION BANK & REVISION SHEET FOR PERIODIC ASSESSMENT 2 (2018-19)**

**SUBJECT- HINDI (2L)**

**CLASS-X**

**PA2 Syllabus –**

साहित्य – बड़े भाई साहब, डायरी का एक पन्ना, ततांरा वामीरो कथा , साखी, मीरा के पद, बिहारी के दोहे, मनुष्यता, पर्वत प्रदेश में पावस

संचयन – हरिहर काका, सपनों के से दिन

व्याकरण – शब्द व पद में अंतर, वाक्य शुद्धीकरण, वाक्य रूपांतरण, मुहावरे, समास, अपठित बोध ( गद्यांश एवं पद्यांश)

रचनात्मक लेखन- अनुच्छेद लेखन, औपचारिक पत्र लेखन, सूचना लेखन, संवाद लेखन, विज्ञापन लेखन

## बड़े भाई साहब

**लेखक- मुंशी प्रेमचंद**

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों मे लिखिए –

क) लेखक अपने बड़े भाई के साये से भी दूर भागते थे , क्यों ?

ख) पहली बार अपनी कक्षा में अब्बल आने पर छोटे भाई के व्यवहार में क्या परिवर्तन दिखाई पड़ा ?

ग) दूसरी बार भी अपनी कक्षा में असफल होने पर बड़े भाई के व्यवहार में क्या परिवर्तन हुआ ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) किन कारणों से बड़े भाई साहब अपने छोटे भाई से नाराज़ रहते थे ?

ख) छोटे भाई ने अपने पढ़ने लिखने के लिए टाइम टेबल बनाने का फैसला कब और क्यों किया ?

ग) लेखक और उनके बड़े भाई साहब के स्वभाव में क्या अंतर था ?

घ) बड़े भाई साहब के प्रति लेखक की सोच कब बदली ?

ङ) बड़े भाई साहब के अनुसार शिक्षा की तत्कालीन पद्धति में क्या- क्या खामियाँ थीं ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) बुनियाद ही पुख्ता न हो तो मकान कैसे पायेदार बने ?

ख) उन्हें मेरी तम्बीह और निगरानी का पूरा और जन्मसिद्ध अधिकार था और मेरी शालीनता इसी में थी कि उनके कानून को हुक्म समझूँ।

ग) अपने ऊपर जो विश्वास पैदा हुआ था . वह फिर लुप्त हो गया और फिर चोरों का सा जीवन कटने लगा।

घ) मुझे आज सचमुच अपनी लघुता का अनुभव हुआ और भाई साहब के प्रति मेरे मन में श्रद्धा उत्पन्न हुई।

ङ) तुम ज़हीन हो, इसमें संदेह नहीं , लेकिन वह जेहन किस काम का जो हमारे आत्मगौरव की हत्या कर डाले।

च) समझ किताबें पढ़ने से नहीं, दुनिया देखने से आती है।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) बड़े भाई साहब के अत्यंत गंभीर स्वभाव का होने के पीछे क्या कारण था तथा छोटे भाई को यह सच्चाई कब समझ में आई ?

---

## डायरी का एक पन्ना

लेखक- सीताराम सेकसरिया

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों मे लिखिए –

क) 26 जनवरी 1931 के दिन को अमर क्यों कहा गया ?

ख) 26 जनवरी की शाम सभा कहाँ पर होने वाली थी ?

ग) सुभाष बाबू के जुलूस का भार किस पर था ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) 26 जनवरी 1931 के दिन को किन अर्थों में स्वाधीनता दिवस कहा गया ?

ख) 26 जनवरी 1931 के दिन कोलकाता के मार्गों की स्थिति कैसी हो गई थी ?

ग) 26 जनवरी 1931 के दिन कोलकाता के लोगों ने अपने उत्साह का परिचय किस प्रकार दिया?

घ) इस विशेष दिन में स्त्रियों ने अपनी सहभागिता किस रूप में प्रदर्शित की ?

ङ) पुलिस ने इस उत्सव को फीका करने के लिए क्या- क्या इंतज़ाम किए थे ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) इस वर्ष जितना अपने दे सकते थे , दिया था ।

ख) जब से कानून भंग का काम शुरु हुआ है तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी और यह सभा तो कहना चाहिए कि ओपन लड़ाई थी ।

ग) आज तो जो कुछ हुआ वह अपूर्व हुआ है ।

घ) खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) 26 जनवरी 1931 के दिन ने किन अर्थों में बंगाल के कलंक को धो दिया था ? समझाकर लिखिए ।

---

## तताँरा वामीरो कथा

लेखक- लीलाधर मंडलोई

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों मे लिखिए –

क) तताँरा वामीरो कहाँ की कथा है ?

ख) पशु पर्व के दिन वामीरो के रोने की क्या वजह थी ?

ग) इस कथा को लिखने के पीछे कथाकार का क्या उद्देश्य हो सकता है ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) ततांँरा कौन था ? निकोबार द्वीपसमूह में उसकी प्रसिद्धि के क्या कारण थे ?

ख) ततांँरा – वामीरो के मिलन में क्या बाधा थी ? आखिर इस समस्य का अंत किस रूप में हुआ ?

ग) ततांँरा वामीरो के गीत से इतना प्रभावित क्यों हुआ ?

घ) तलवार में दैवीय शक्ति होने के बावजूद ततांँरा ने उसका प्रयोग अपने लिए क्यों नहीं किया ?

ङ) पासा गाँव के पशु पर्व की क्या विशेषता थी ?
च) पशु पर्व के आयोजन के बीच ऐसा क्या हुआ जिसने तताँरा के क्रोध को भड़का दिया ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी ।
ख) बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी ?
ग) उसे जहाँ विवाह की निषेध परंपरा पर क्षोभ था वहीं अपनी असहायता पर खीझ ।
घ) जब कोई राह न सूझी तो अपने क्रोध का शमन करने के लिए तलवार में शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और उसे अपनी ओर खींचने लगा ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) लिटिल अंडमान और कार निकोबार के अलग होने के किस्से को अपने शब्दों में लिखिए ।

---

## अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले

**लेखक- निदा फ़ाजली**

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों मे लिखिए –

क) चींटियों की डरी हुई फ़ौज से सुलेमान ने क्या कहा ?
ख) शेख अयाज़ भोजन पर से क्यों उठ गए थे ?
ग) लेखक निदा फ़ाज़ली की माँ की आँखों में आँसू क्यों आ गए ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) शेख अयाज़ कौन थे ?उन्होंने अपनी आत्मकथा में किसका ज़िक्र किया है ?
ख) इस्लाम में कुत्ते को क्या समझा जाता है ? उसने नूह को क्या शिक्षा दी ? ?
ग) समुद्र के गुस्से की क्या वजह थी ? उसके माध्यम से प्रकृति मानव को क्या सीख देना चाहती है ?
घ) अपनी पत्नी द्वारा खिड़की में जाली लगाया जाना लेखक को क्यों पसंद नहीं आया ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) सबकी पूजा एक सी , अलग अलग है रीति
मस्जिद जाए मौलवी, कोयल गाए गीत ।।
ख) मट्टी से मट्टी मिले , खो के सभी निशान
किसमें कितना कौन है, कैसे हो पहचान ?
ग) जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है , परंतु आता है तो रोकना मुश्किल हो जाता है ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले , कहानी मनुष्य मात्र को क्या संदेश देती है ?

---

## साखी

**कबीर**

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों मे लिखिए –

क) साखी क्या है ?

ख) कबीर के दोहों को साखी क्यों कहा जाता है ?

ग) कबीर की भाषा को पंचमेल खिचड़ी क्यों कहा जाता है ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) अपना ही घर जलाने की नौबत कबीर को क्यों आई ?

ख) कबीर ने अपने आप को दुखी क्यों कहा है ? उनके हिसाब से सुखी कौन है ?

ग) कबीर की साखी की भाषा की विशेषता वताइए।

घ) अपने स्वभाव को निर्मल बनाने के लिए कबीर ने क्या उपाए सुझाए है ?

ङ) पंडित बनने के लिए मनुष्य में किस ज्ञान का होना कबीर अनिवार्य मानते हैं ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढै वन माँहि।।

ख) सब अँधियारा मिट गया जब दीपक देख्या माँहि।

ग) ऐसी बाँणी बोलिये मन का आपा खोइ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) कबीर की वाणी को साखी क्यों कहा जाता है ? उनके दोहों से उदाहरण लेकर बताइए।

ख) कबीर की साखियाँ किस प्रकार मानव जीवन में आदर्शों की प्रतिष्ठा कर सकती हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

---

## पद
## मीरा

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों मे लिखिए –

क) प्रथम पद में मीरा ने अपने प्रभु से क्या निवेदन किया है ?

ख) मीरा कृष्ण की सेवा किस प्रकार करना चाहती हूँ ?

ग) मीरा किस भाव की भक्ति करती हैं ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) मीरा ऊँचे महलों के बीच – बीच में खिड़कियों की कल्पना क्यों करती है ?

ख) मीरा के पद में निहित काव्य सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए ।

ग) नरहरि रूप के उल्लेख से ईश्वर के किस रूप का मीरा ने संकेत किया है ? उन्होंने यह रूप क्यों धारण किया था ?

घ) मीरा यमुना तट पर आधी रात में श्रीकृष्ण दर्शन क्यों करना चाहती हैं ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) हरि आप हरो जन री भीर।
द्रौपदी री लाज राखी आप बढ़ायो चीर।।

ख) बूढ़तो गजराज राख्यो, काटी कुण्जर पीर

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) मीरा की कृष्ण भक्ति भावना का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए ।

---

## दोहे

### बिहारी

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों मे लिखिए –

क) बिहारी ने काव्य शिक्षा किनसे पाई ?
ख) बिहारी की भाषा कैसी है ?
ग) बिहारी की सतसई को त्रिवेणी क्यों कहा जाता है ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) छाया भी कब छाया ढूँढ़ने लगती है ?
ख) नीलमनि शैल की तुलना कृष्ण से किस प्रकार की गई है ?
ग) बिहारी के किस दोहे में सच्चे मन में राम के बसने की बात की गई है ? दोहा लिखिए।
घ) बिहारी के दोहों की भाषा क्या है ? इनके दोहों में किस भाव का प्राधान्य है ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) कहलाने एकत बसत अहि मयूर मृग बाघ .
जगतु तपोवन सौ कियौ दीरघ दाघ निदाघ ।।
ख) कागद पर लिखत न बनत, कहत, संदेशु लजातु ।
कहिहै सबु तेरौ हियौ मेरे हिय की बात ।।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) किन गुणों के आधार पर बिहारी के दोहों को **गागर में सागर** भरने वाला कहा गया है , लिखिए । ।
ख) किन्हीं दो दोहों के उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए कि किस प्रकार बिहारी कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक अर्थ भर देते थे ।

---

## मनुष्यता

### कवि- राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों मे लिखिए –

क) कवि मैथिलीशरण गुप्त किन मनुष्यों को महान मानते हैं ?
ख) कवि ने कैसी मृत्य को सुमृत्यु कहा है ?
ग) मैथिलीशरण गुप्त जी की भाषा की विशेषताएँ लिखिए ।

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) मनुष्यता कविता के आधार पर बताइए कि उदार व्यक्ति की पहचान कैसे होती है ?
ख) कवि के अनुसार किस व्यक्ति को मनुष्यता के लक्षणों से हीन माना जाता है ?
ग) पशुप्रवृत्ति से क्या अभिप्राय है , मनुष्यता कविता के आधार पर समझाइए ?
घ) कवि श्री मैथिलीशरण गुप्त ने गर्वरहित जीवन बिताने के लिए क्या तर्क दिए हैं ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे ?
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

ख) विरुद्धवाद बुद्ध का दया प्रवाह में बहा,
विनीत लोकवर्ग क्या न सामने झुका रहा ?

ग) मनुष्य मात्र बंधु है , यही बड़ा विवेक है ,
पुराणपुरुष स्वयमभू पिता प्रसिद्ध एक है ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) मनुष्य जन्म से नहीं , कर्म से महान बनता है --- मनुष्यता कविता के आधार पर समझाइए ।

---

## पर्वत प्रदेश में पावस

### कवि- सुमित्रानंदन पंत

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों मे लिखिए –

क) पर्वत के चरणों में फैले ताल की तुलना कवि ने किससे की है ?
ख) जलदयान में कौन विचरण कर रहा था ?
ग) कवि को ताल जला हुआ क्यों प्रतीत हो रहा है ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) पर्वत प्रदेश में पावस कविता की भाषा की कोई दो विशेषतीएँ बताइए ।
ख) पर्वत प्रदेश में पावस कविता में प्रकृति का मानवीकरण किया गया है । कविता में किए गए मानवीकरण अलंकार के प्रयोग को सोदाहरण समझाइए ।
ग) झरनों के गिरने की आवाज उत्तेजना क्यों उत्पन्न कर रही है , पर्वत प्रदेश में पावस कविता के आधार पर लिखिए?
घ) शाल धरा में क्यों धँस गए , पर्वत प्रदेश में पावस कविता के आधार पर लिखिए।
ङ) सहस्र दृग सुमन का प्रयोग कविता में कवि ने किस भाव को स्पष्ट करने के लिए किया है , लिखिए ।

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) फड़का अपार पारद के पर, उड़ गया अचानक लो भूधर ।
ख) जिसके चरणों में पला ताल, दर्पण सा फैला है विशाल ?
ग) पावस ऋतु थी , पर्वत प्रदेश ।
पल- पल परिवर्तित प्रकृति - वेश ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) पर्वत प्रदेश में पावस कविता में व्याप्त प्रकृति के सौंदर्य एवं उसके बदलते रूप की अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए ।

-------------------------------------------------------------------

## तोप

### कवि- वीरेन डंगवाल

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों मे लिखिए –

क) तोप किस समय की है और इसे कहाँ रखा गया है ?

ख) गौरैये तोप के संबंध में क्या बताने का प्रयास करती हैं ?

ग) तोप कविता में कवि विरासत में मिली चीजों को सँभालने पर इतना ज़ोर क्यों देते हैं ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) कंपनी बाग में तोप क्यों रखी गई है ?

ख) कंपनी बाग और तोप को विरासत मानकर सुरक्षित रखे जाने का कारण अपने शब्दों में लिखिए।

ग) कविता में किन दो अवसरों पर तोप को चमकाने की बात की गई है एवं क्यों ?

घ) तोप कविता की रचना के पीछे कवि का क्या उद्देश्य हो सकता है ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) कभी कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं
खास कर गौरैयें।।

ख) वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद। ?

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) तोप कविता के आधार पर लिखें कि शासक सत्तारूढ़ होने पर किस प्रकार निर्ममता का व्यवहार करते हैं और सत्ता से उतरने पर उनका क्या हश्र होता है ?

-------------------------------------------------------------------

## हरिहर काका

1. हरिहर काका की अपने परिवार के सदस्यों से मोहभंग की शुरुआत किस प्रकार हुई ? आप हरिहर काका के इस मोहभंग को उचित मानते हैं अथवा अनुचित ?

2. हरिहर काका ने ठाकुरबाड़ी जैसी संस्था में ही रहना प्रारंभ कर दिया था जबकि उनका प्रिय स्थान तो उनका अपना घर ही था। उनके परिवार के लोगों के व्यवहार के प्रति अपने विचार व्यक्त करके बताइए कि आप उन में से एक होते तो क्या करते ?

3. हरिहर काका कहानी में ठाकुरबारी में साधु – महंतों द्वारा हरिहर काका के हिस्से की ज़मीन को अपने नाम लिखवाने के लिए ज़ोर- ज़बरदस्ती की जाती है। इससे साधु- महंतों की कैसी भावना झलकती है ?

4. हरिहर काका द्वारा घर छोड़कर ठाकुरबारी चले जाने पर घर के सदस्यों पर क्या असर हुआ ? उनकी ठाकुरबारी से घर वापसी किस प्रकार हुई ? इसके पीछे भावनात्मक जुड़ाव की क्या भूमिका थी ?

------------------------------------------------------------

## सपनों के से दिन

**लेखक – गुरदयाल सिंह**

1.अगली कक्षा में जाने के विचार से बच्चे उत्साहित भी होते थे और उदास भी। इसमें निहित अर्थ को सपनों के से दिन पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

2. लेखक स्कूल की छुट्टियों क आनंद किस प्रकार लेता था ? इससे लेखक केकिस प्रकार के व्यक्तित्व का पता चलता है ? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

3. पी. टी. साहब स्काउटिंग कराते समय किस प्रकार अनुशासन को कायम रखते थे ? इस प्रसंग द्वारा किस प्रकार की शिक्षा मिलती है ? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

4. पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में प्राचीन शिक्षा प्रणाली की अपेक्षा क्या परिवर्तन आए हैं ?

**व्याकरण ----**

**रचनात्मक लेखन---**

**1. अनुच्छेद लेखन** ( शब्द सीमा -- 100) –

क) संयुक्त परिवार की आवश्यकता
ख) आधुनिक भारत की समस्याएँ
ग) संघर्ष ही जीवन की कसौटी है
घ) शिक्षा का बदलता स्वरूप
ङ) टेलीविज़न पर होने वाले रियलिटी कार्यक्रम
च) 'मेक इन इंडिया' अभियान
छ) आत्मविश्वास और घमंड
ज) ई-कचरा

**2. औपचारिक पत्र लेखन** ( शब्द सीमा -- 70)–

क) दिल्ली से जयपुर जाते समय आपका सामान रेल में चोरी हो गया , इसकी रिपोर्ट दर्ज़ करवाने हेतु दिल्ली के रेलवे पुलिस अधिकारी को पत्र लिखिए।
ख) अपने क्षेत्र में मलेरिया फैलने की संभावना को देखते हुए नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।
ग) अपनी स्वरचित कविता मासिक पत्रिका नंदन में प्रकाशित करवाने हेतु किसीदैनिक पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए।
घ) बैंक की चेक बुक खो जाने की सूचना देते हुए बैंक- अधिकारी को पत्र लिखिए।
ङ) हिंसा प्रधान फ़िल्मों के समाज पर बढ़ते दुष्प्रभाव पर अपने विचार प्रकट करते हुए अमर उजाला समाजार पत्र के संपादक के नाम पत्र लिखिए ।
च) अपने क्षेत्र में पेयजल की समस्या की ओर ध्यान आकर्णित करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए।
छ) आपके नए कंप्यूटर में खरीदने के एक महीने बाद ही खराबी आ गई। आपकी शिकायत पर दुकानदार ने कोई ध्यान नहीं दिया। कंपनी के मुख्य प्रबंधक को पत्र लिखकर घटना की जानकारी देते हुए उनसे अनुरोध करें कीजिए कि वे आपके साथ न्याय करें।

**3. संवाद लेखन** ( शब्द सीमा -- 50)—

क) अपने पसंदीदा टी0 वी0 कार्यक्रम के बारे में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।

ख) पढ़ाई में बच्चों की लापरवाही से परेशान दो शिक्षकों की बातचीत।
ग) भारत भ्रमण पर निकले दो शिक्षक मित्रों की बातचीत।
घ) स्मार्ट क्लास की जानकारी एवं उसके लाभ के विषय में दो छात्रों के बीच संवाद।
ङ) शिक्षा नीति में हुए बदलाव को लेकर दो छात्रों में बातचीत ।
च) फुटबॉल विश्व कप में खिलाड़ियों की प्रतिभागिता से प्रभावित हो उसे कैरियर के रूप में अपनाने के विषय पर पिता – पुत्र के बीच संवाद।

**4. विज्ञापन लेखन** (शब्द सीमा - 25)
क) एनीमेशन का पाठ्यक्रम पढ़ाने वाली एक संस्था की ओर से।
ख) एक कार बनाने वाली कंपनी की ओर से।
ग) एक मासिक पत्रिका के लिए आकर्षक विज्ञापन।
घ) स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाली एक कंपनी की ओर से ।
ङ) एक कोचिंग संस्थान की ओर से।
च) योग दिवस के लिए एक विज्ञापन लेखन।

**5. सूचना लेखन** (शब्द - सीमा –30)
1) विद्यालय के छात्र प्रतिनिधि द्वारा किसी कार्यक्रम के आयोजन हेतु सूचना लेखन।
2) अपना परिचय पत्र खो जाने संबंधी सूचना लेखन ।
3) दिल्ली निवासी रजत शर्मा द्वारा आवास, कंपनी, बैंक खाता आदि परिवर्तित हेतु सूचना लेखन।
4) विद्यालय में स्वच्छता अभियान आयोजन हेतु सूचना लेखन।
5) विद्यालय के कैप्टेन की ओर से विद्यालय के वार्षिक उत्सव में भाग लेने की सूचना।
6) कक्षा दसवीं के रोहित खन्ना की ओर से विद्यालय परिसर में अंग्रेजी की नोटबुक खो जाने की सूचना।
7) विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से विद्यालय दिवस समारोह के आयोजन की सूचना।
8) प्रधानाचार्य के द्वारा विशेष कक्षा का आयोजन तथा इससे होने वाले लाभ की सूचना।

--------------------------------------0-----------------------------------